# बालमन

Powered by Teachers of Bihar

कैमूर

## वर्ष 2023

## माह सितम्बर

## अंक 21



**प्रधान संपादक** :-धीरज कुमार [U.M.S. सिलौटा , भभुआ (कैमूर)]

Dheeraj Kumar- +91 9431680675

Teachers of Bihar - +91 7250818080

info@teachersofbihar.org | teachersofbihar@gmail.com

www.teachersofbihar.org

# कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ)

शिक्षा भवन, भागीरथी मुक्ताकाश मंच भभुआ,

(मो०–8544411411 email-deokaimur.edn@gmail.com)




## "शुभकामना संदेश"

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि विद्यालय के छात्र/छात्राओं को जागरूक बनाने तथा प्रतिभावान बच्चों के प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न स्तर पर करने के उद्‌देश्य से "**बाल मन कैमूर**" पत्रिका का मासिक प्रकाशन किया जा रहा है।

इस प्रकार के प्रकाशन, बच्चों के सृजनात्मक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त होगा।

आशा है कि इस पत्रिका से बच्चे, शिक्षक एवं समाज में साकारात्मक सोंच विकसित होगा।

मैं सुमन शर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर इस उपयोगी लेखन के लिए बधाई देते हुए "**बाल मन कैमूर**" के प्रकाशन की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

(सुमन शर्मा)
जिला शिक्षा पदाधिकारी
कैमूर (भभुआ)

# सम्पादकीय

## प्यारे बच्चों,



**नमस्कार**

एक शिक्षक एक राष्ट्र का निर्माता होता है। शिक्षक के हाथो से देश का भविष्य संवारता है।इस माह स्वतंत्र भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति और देश के दूसरे राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का जन्मदिन 05 सितंबर शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी के साथ 14 सितंबर को हिंदी दिवस भी मनाया जाता है। आप सभी को ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए हमारे साथ आप सभी बच्चे ये संकल्प ले की हम अपने गुरु और हिंदी का सम्मान करते हुए उन्हें सर्वोच्च स्थान प्रदान करेंगे।

बच्चो !दिन - प्रतिदिन बालमन टीम द्वारा प्राप्त पोस्ट से आपके उत्साह को देख कर मुझे बहुत खुशी हो रही है। पत्रिका के इस अंक को आपको समर्पित करते हुए हमे बहुत खुशी हो रही है। आज का जमाना सोशल मीडिया का है।यदि आपके पास कला है तो उसे अपने शिक्षको से जरूर साझा करे और बालमन की टीम के माध्यम से उसे जरूर हम तक जरूर पहुंचाए।इसके साथ ही घड़ा/मटका पर चित्रकारी प्रतियोगिता में शामिल होने के आप सभी को धन्यवाद।

हमारी TOB बाल मन कैमूर पत्रिका की टीम बेहतर से बेहतर करने के लिए सदा प्रयत्नशील है।अनजाने में कोई भूल या त्रुटि हुई हो तो उसके लिए हम क्षमाप्रार्थी है।हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

आपका

धीरज कुमार

उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलौटा

भभुआ( कैमूर )

TEACHERS OF BIHAR

बालमन कैमूर

# प्रधान सहयोगी सदस्य

**बालमन चांद प्रधान संपादक :** प्रमोद कुमार "निराला"

(कन्या मध्य विद्यालय चांद, चांद)

**बालमन कुदरा प्रधान संपादक :** कमलेश कुमार

(UHS केवढी , कुदरा))

**विज्ञान कॉर्नर:** राजेश कुमार सिंह और प्रतिभा पाण्डेय

(महाबल भृंगनाथ +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय कोरिगांवा बहेरा ,भभुआ)

**दर्शनीय स्थल सह रोचक गणित :** कुमार राकेश मणि

(UHS कोटा, नुआंव )

**कविता संग्रह टीम लीडर :** खुशबू कुमारी

(उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुघरा, भभुआ)

# Teachers of Bihar

## बालमन

# अनमोल विचार

शिक्षा के द्वारा ही मानव मस्तिष्क का सदुपयोग किया जा सकता है।



- डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन

(भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति,द्वितीय राष्ट्रपति,एक आदर्श शिक्षक,महान दार्शनिक एवं विचारक)

**(5 सितम्बर 1888 - 17 अप्रैल 1975)**

*Vishwa Vijay Singh*

# बिहार राज्य प्रार्थना गीत

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे
वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की
वो मुहब्बत दे मुझे अमनो अमन नाज करे
मेरी खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे
इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ
हौसला ऐसा हीं दे गंग जमन नाज करे
आधे रस्ते पे न रूक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय बिहार

एम. आर. चिश्ती

www.teachersofbihar.org

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार, तुझको शत-शत वंदन बिहार
तू वाल्मीकि की रामायण, तू वैशाली का लोकतंत्र
तू बोधिसत्व की करूणा है, तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप, तू हीं अक्षत चंदन बिहार
तू है अशोक की धर्मध्वजा, तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह, तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि, धरती का नंदन वन बिहार
तेरी गौरव गाथा अपूर्व, तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान, अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक,
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार,
मेरे भारत के कंठहार

- सत्यनारायण

# टीचर्स ऑफ बिहार गीत

एम आर चिश्ती

चांद तारों को साथ लाएंगे,
हम बहारों को साथ लाएंगे।

जैसे आती नहीं नज़र दुनिया,
हम बनाएंगे वो हंसी दुनिया,
हौसला और अपनी मंज़िल से,
सब नज़ारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

प्रेम की रोशनी जो बिखरेगी
और प्रतिभा सबकी निखरेगी,
खींच लेंगे गगन से इन्द्रधनुष
बहते धारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

हम हैं निर्माता अपने भारत के,
पूरे करने हैं सपने भारत के
हम कलम के वही सिपाही है
जो हज़ारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे....


हमने माना, टीचर्स ऑफ़ बिहार
दीप ऐसा जलाएगा इस बार,
हम नवाचारी शिक्षा की रह में
बेसहारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

www.teachersofbihar.org

# TEACHERS OF BIHAR

## बालमन प्रेरक प्रसंग

सितम्बर 2023



## बरगद का पेड़

किसी गांव में बरगद का एक पेड़ बहुत वर्षों से खड़ा था। गांव के सभी लोग उसकी छाया में बैठते थे, गांव की महिलाएं त्यौहारों पर उस वृक्ष की पूजा किया करती थीं। ऐसे ही समय बीतता गया और कई वर्षों बाद वृक्ष सूखने लगा। उसकी शाखाएं टूटकर गिरने लगीं और उसकी जड़ें भी अब कमजोर हो चुकी थीं। गांव वालों ने विचार किया कि अब इस पेड़ को काट दिया जाये और इसकी लकड़ियों से गृहविहीन लोगों के लिए झोपड़ियों का निर्माण किया जाये। गांव वालों को आरी-कुल्हाड़ी लाते देख, बरगद के पास खड़ा एक वृक्ष बोला- “दादा! आपको इन लोगों की प्रवृत्ति पर जरा भी क्रोध नहीं आता, ये कैसे स्वार्थी लोग हैं, जब इन्हें आपकी आवश्यकता थी तब ये आपकी पूजा किया करते थे, लेकिन आज आपको टूटते हुए देखकर काटने चले हैं।”

बूढ़े बरगद ने जवाब दिया- “नहीं बेटे! मैं तो यह सोचकर बहुत प्रसन्न हूँ कि मरने के बाद भी मैं आज किसी के काम आ सकूंगा।”



## शिक्षा

परोपकारी व्यक्ति सदा दूसरों के प्रति करुणा का भाव रखते हैं तथा उनकी ख़ुशी और उनके सुख में अपना सुख समझते हैं..!!

सोशल मीडिया से

Teachers of Bihar
The change makers

अमरेन्द्र कुमार

विश्व के धरोहर

# सूर्य मंदिर,



भुवनेश्वर के बाद के मंदिरों में *1278* में स्थापित अनंत वासुदेव मंदिर एक से अधिक मायनों में उल्लेखनीय है। यह मुख्य रूप से शिव स्थल पर वैष्णव पूजा को समर्पित एकमात्र मंदिर है और एक अलंकृत मंच छत पर खड़ा है। यह लिंगराज की विकसित योजना और सजावटी योजना के साथ जारी है, लेकिन धीरे-धीरे चढ़ाई में चार डिब्बों पर छतों का समूह यहां अधिक शानदार है। इसके अलावा, गर्भगृह और जगमोहन की दीवारें रीजेंट के साथ-साथ उनकी पत्नियों की छवियों को प्रदर्शित करती हैं।




शैंपू की शुरुआत भारत में संस्कृत शब्द चंपू से हुई थी।

# 5 अंतर खोजे

# आप तैयार है न......






# ToB बालमन कलाकार

## भाग - 1



नाम अर्चना कुमारी वर्ग-8
उत्क्र० उच्च माध्यमिक विधालय
छोटका कटरा (मोहनियां) कैमूर



अरसद अली
मध्य विद्यालय पाढ़ी (चांद)




रामराज कुमार
UHS हरदासपुर (कुदरा) कैमूर



अमरेश कुमार
विद्यालय - एन.एस.पी.एस झौआ टोला,सरौनी कला
वर्ग - 4 जिला - मधेपुरा



रानी कुमारी, वर्ग 8
U.H.S Bhaluhari (CHAND) KAIMUR

# ToB बालमन कलाकार भाग 2



वंश कुमार ,वर्ग 4
UMS अर्रा( मोहनिया)



मिट्टी से बनी हिरण

Saddam Idrishi
Class IX
उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटा नुआंव कैमूर



वर्ग 8 के बच्चे
UMS सिलौटा (भभुआ)

# ToB
# बालमन कलाकार
# भाग 3

रामराज कुमार
UHS हरदासपुर,कुदरा






छोटी कुमारी
UMS खझरा, मोहनिया



हस्त निर्मित डस्टर
वर्ग 1
UMS मुशिया, नुआंव



रंजीत कुमार,वर्ग 7
UMS खझरा, मोहनिया



अदिति कुमारी
वर्ग 4
G.P.S.Isari
दुर्गावती

# ToB बालमन नन्हें कलाकार भाग 4



काजल त्रिपाठी।
UMS पाढ़ी (चांद)कैमूर



उर्दू प्राथमिक विद्यालय कारवांदिया चांद



सुरभि कुमारी
UMS सिलौटा (भभुआ)




शुभम कुमार,वर्ग 7
UMS खझरा (मोहनिया)



प्राथमिक विद्यालय जगरिया
चैनपुर

# ToB बालमन कलाकार भाग 5












# स्वास्थ्य सुझाव

अमरेंद्र कुमार



नियमित रूप से आप जितना सोते थे, उसे जरूर पूरा करने की कोशिश करें क्योंकि पर्याप्त नींद बहुत जरूरी है। हर रोज के लिए सोने का एक सामान्य समय और उठने का समय तय रखें। इससे आप बेहतर रूप से नींद पूरी कर पाएंगे और सुबह उठते हुए तरो-ताजा महसूस करेंगे। साक्ष्य बताते हैं कि जो लोग नींद पूरी नहीं करते उनको ज्यादा मानसिक और शारीरिक समस्याएं होती हैं। नींद की कमी से आपकी मौजूदा मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएं भी बढ़ सकती हैं। अगर आप रात को पर्याप्त (वयस्कों के लिए 7 से 9 घंटे) नींद पूरी करते हैं तो इससे आपकी सीखने की क्षमता, स्मृति, मूड और हृदय का स्वास्थ्य बेहतर होगा और साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बेहतर रहेगी।



## ToB बालमन

# अज़ब-गज़ब



1. ‘Captcha code’ लिखने में हर दिन दुनिया के लगभग 5 लाख घंटे बर्बाद हो रहे हैं।

2.एक व्यक्ति लगभग 6 सेकंड तक जम्हाई लेता है।



3. सबसे पुरानी किताबों की दुकान ‘पुर्तगाल’ (Portugal) में है – Guinness World Records के अनुसार, पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में स्थित, 1732 में स्थापित, ‘Livraria Bertrand’ दुनिया की सबसे पुरानी किताबों की दुकान है जो अभी भी चालू है.

4. दुनिया की सबसे लंबी गली कनाडा की ‘Yonge Street’ गली है. यह 1896 किमी यानी दिल्ली से बांग्लादेश जितनी लंबी है।





5.सिर को जोर से हिलाने से आपका ज्यादातर शरीर सो जाता है, सिर्फ दिमाग ही काम करता है।

## ToB बालमन

# थोड़ा मुस्कुरा भी दो ....



1. मोती:(जूस वाले से):मुझे जल्दी से दो ग्लास जूस पिला दो,लड़ाई होने वाली है।
जूस वाला उसे दो ग्लास जूस पिला देता है
जूस पीने के बाद.....
मोती:एक ग्लास और पीला दो...लड़ाई होने वाली है।
जूस वाला: ये लड़ाई कब होगी और कहां?
मोती: अभी यही जब तुम पैसे मांगोगे।

.........................................


2.एक आदमी बैंक में गया और बैंक के अकाउंट ओपन काउंटर पर जा कर बोला: मुझे आपके बैंक में एक ज्वाइंट अकाउंट खुलवाना है।
बैंक कर्मी : जी पर आप अकेले है ज्वाइंट अकाउंट किसके साथ खुलवाइएगा?
आदमी :आपके बैंक में जिसके पास खूब सारा पैसा हो।






स्रोत: सोशल मीडिया

# ToB बालमन आपके पेंटिंग भाग 1












बालमन

आपके पेंटिंग

# ToB बालमन आपके पेंटिंग भाग 2

U H S CHAURI KHUSHNUMA KHATUN

CLASS -5




U H.S Bhaluhari, Chandni Kumari, class-8





महिमा कुमारी, कक्षा -5
उत्क्रमित मध्य विद्यालय बहुआरा भभुआ



संतोष कुमार
सरौनी कला मधेपुरा




प्राथमिक विद्यालय रामपुर
भभुआ- कैमूर

# ToB बालमन आपके पेंटिंग भाग 3




खुशी कुमारी
प्रखंड कुदरा



सागर कुमार
प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर,मोहनियां







Sonu Kumar class 6
Heycock Institution, Middle school Darbhanga, Bihar





प्राथमिक विद्यालय जगरिया (चैनपुर) कैमूर

# ToB बालमन आपके पेंटिंग भाग 4


















# ToB बालमन कलाकार भाग 5











# पेन और पेंसिल आर्ट




Gudiya
kumari class 5
U.H.S.CHAURI
(CHAND)
मोर

डॉ० सर्वपल्ली राधा कृष्णा
U.M.S.KHAJHARA
5 September 2023
Art By Shikha Kumari

नाम आकृति कुमारी
UMS अर्रा मोहनियां


UHS कोटा नुआंव




UHS सलथुआ, कुदरा
DR. SARVAPALLI RADHA KRISHNA




N.P.S BHERI(CHAND)

डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन
आकाश कुमार वर्ग 5 उत्क्रमित
मध्य विद्यालय दुघरा(भभुआ




सागर कुमार,वर्ग 3
प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर
मोहनियां

बालमन

# TOB बूझो तो जानें..

धीरज कुमार

1

भारत के एक शिक्षक
जिनकी कृति है जगमग।
भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति बने
उनको करते है नमन।

शिक्षक दिवस विशेष




3

रंग मेरा है श्याम
शिक्षक करते है मुझ पर काम।
मेरी दोस्त है सफेद
उसके बिन मैं गुमनाम।


2

तलवार की धार से तेज हैं।
उससे लिखते संदेश हैं।
उसके बिना अधूरी है शिक्षा
अमिट छाप छोड़ देती है।

4

खुद सड़क बनते है हमे मंजिल दिखलाते हैं।
खुद जल कर मोमबत्ती की तरह हमारे
जीवन में रौशनी लाते हैं।

1. डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन 2. कलम
3. श्यामपट्ट और चॉक
4. शिक्षक



उम्र या युवावस्था का काल-क्रम से लेना-देना नहीं है
हम उतने ही नौजवान या बूढें हैं जितना हम महसूस करते हैं
हम अपने बारे में क्या सोचते हैं यही मायने रखता है |

– सर्वपल्ली राधाकृष्णन

# शिक्षक दिवस

## की हार्दिक शुभकामनाएं

5 सितंबर 1888 - 17 अप्रैल 1975

## डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी


की जयंती पर शत्-शत् नमन

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Madhu priya

/teachersofbihar

# एक नजर इधर भी....






UPS KARWANDIYA,CHAND



UMS DUGHRA,BHABHUA



UHS HARDASPUR,KUDRA




UMS ARRA, MOHANIYA



UMS SILAUTA



PS jagriya,chainpur

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# ToB बालमन क्विज

सितंबर 2023

**1**

हिन्दी दिवस कब मनाया जाता हैं?

A.14 अप्रैल  B. 10 मई

C. 27 अगस्त  D.19 जुलाई

**2**

जूनागढ़ का किला कहां है?

A. ग्वालियर  B. बीकानेर

C. पटना  D. उदयपुर

**3**

पंचतंत्र के रचयिता हैं -

A. सूरदास  B. वेदव्यास

C. रसखान  D. विष्णु शर्मा

**4**

बिच्छू के डंक में पाया जाता हैं -

A.फार्मिक अम्ल B.एसिटिक अम्ल

C. पेंटेनॉइक अम्ल D. लैक्टिक अम्ल

**5**

निम्न ने कौन सबसे अच्छा विद्युत का चालक है। -

A.चांदी  B. सोना

C. कॉपर  D. अलमुनियम

सही उत्तर: 1.A ,2.B ,3.D,4.A,5.A



धीरज कुमार
उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलौटा भभुआ कैमूर

# बैगलेस

## सुरक्षित शनिवार

**हर शनिवार एक रोचक नवाचार**

**माह-सितंबर क्षेत्र(Domain)-"मैं हूं शिक्षक"**

**गतिविधि क्रम संख्या-6.6 'हमारी भी सुनिए'**

'हमारी भी सुनिए' कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षक बच्चों के बीच किसी एक शनिवार को शिक्षक-छात्र संवाद गोष्ठी का आयोजन करेंगे जिसमें बच्चे बेझिझक अपनी कठिनाइयां, स्कूल से संबधित शिकायतों, समस्याओं को शिक्षकों के बीच रखेंगे साथ ही विद्यालय में शिकायत पेटी की स्थापना कर बच्चों द्वारा बताई गई समस्याओं का निवारण करने का प्रयास किया जाएगा।

कार्य 1- अपने विद्यालय में शिकायत पेटी की स्थापना करें।

कार्य 2- बच्चों के साथ 'हमारी भी सुनिए' कार्यक्रम का आयोजन करें।




**IDEAMAN के आइडियाज़**

क्यूआर कोड स्कैन करें और दिखाएं इससे जुड़ा वीडियो बच्चों को

www.teachersofbihar.org

माह - सितम्बर क्षेत्र "मैं हूं शिक्षक"

गतिविधि सं-6.4 वित्तीय साक्षरता

# Bagless Saturday

## वित्तीय जागरूकता

**बैंक एवं डाकधर से वित्तीय लेनदेन**

बैंक एवं डाकघर से चेक बुक, डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड से हम वित्तीय लेनदेन कर सकते हैं। यूपीआई से वित्तीय लेनदेन बहुत ही आसान हो गया है, परंतु कुछ सावधानियां बरत कर हम फ्रॉड से बच सकते हैं।

कार्य 1- कार्ड का पिन किसी को न बताएं।

कार्य 2- अनजान लिंक पर क्लिक न करें।

इन सभी बातों को कक्षा में बच्चों को बताकर हम उन्हें वित्तीय साक्षर बना सकते हैं।



ANU PRIYA

# चेतना सत्र



राजकीयकृत मध्य विद्यालय
डहरक,रामगढ़



उ.म.वि.चन्दा चांद, कैमूर



Mahabal Bhrigunath +2 High School, Korigawan
Bahera, Kaimur Block- Bhabhua District-Kaimur



उत्क्रमित मध्य विद्यालय अर्रा, मोहनियां (कैमूर)

ToB बालमन

# दर्शनीय स्थल

## बिहार पर्यटन: इंद्रपुरी बराज



इंद्रपुरी बराज (इंद्रपुरी डैम) पुरे विश्व का चौथा सबसे लम्बा बराज है। यह बराज बिहार राज्य के रोहतास जिला के डेहरी ऑन सोन से 10 किलोमीटर दूर दक्षिण में स्थित है। सोन नदी के धाराप्रवाह को रोकने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराने के लिए इंद्रपुरी बराज का निर्माण कराया गया था।इंद्रपुरी स्तिथ इस बराज की कुल लम्बाई 1407 मीटर यानि 4616 फीट है और यह दुनिया में चौथा सबसे लंबा बराज है। इसका निर्माण एचसीसी (Hindustan Construction Company) द्वारा किया गया था। इंद्रपुरी बराज का निर्माण 1960 के दशक में किया गया था और इसे 1968 में चालू किया गया था।।

इंद्रपूरी बांध को प्रकृति की गोद से निकलते हुए सोन नदी की लहरो के साथ खिलखिलाते देखना काफ़ी मनमोहक दृश्य होता है। यह बांध अत्यंत सुंदर होने के साथ साथ अपनी नैसर्गिक आकर्षण की वजह से अति शांत एवं सुखदायी है। बिहार के पर्यटन क्षेत्र में इंद्रपुरी बराज का भी विशेष स्थान है। इस बराज को देखने के लिए बिहार के अन्य जिलों समेत दूसरे राज्यों से भी लोग आते है। इंद्रपुरी बराज के जलाशय का जलस्तर देख काफी लोग हैरान रह जाते है। बराज के फाटकों से जब पानी का निष्कासन होता तब बराज पर खड़े लोगों तक पानी की छीटें पड़ती है और यह पल सुकून का एहसास कराती है। इंद्रपुरी बराज के पास पिकनिक पार्टी मानाने एवं घूमने के लिए पर्यटकों की सबसे अधिक भीड़ नए वर्ष के समय होती है।






कुमार राकेश मणि
(प्रधानाध्यपक)
UHS कोटा, नुआंव
(कैमूर) बिहार




# • मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम •

## सुरक्षित शनिवार

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# भूकंप से बचने के उपाय



किसी भी प्राकृतिक आपदा के वक्त काफी अफरा-तफरी मच जाती है, इसलिए हम आपको बता रहे हैं कुछ ऐसे उपाय, जिससे भूकंप के समय में सुरक्षित रहा जा सकता है।

**भूकंप के समय अगर आप घर, स्कूल,दफ्तर या किसी बिल्डिंग में हैं तो तुरंत वहां से बाहर निकलें।खुले मैदान का रुख करें। खुला मैदान भूकंप के समय सबसे सुरक्षित होता है,अगर आप घर से नहीं निकल पाए घर में रखी किसी मजबूत टेबल या फर्नीचर के नीचे छिप जाएं. इस दौरान अपने हाथों से सिर और चेहरे को अच्छी तरह से ढक लें, ताकि आपको कोई जानलेवा चोट न लगे.**

## सतर्क रहे ,सुरक्षित रहे।

**www.teachersofbihar.org**

# सुरक्षित शनिवार




NPS बिंद टोला बेतरी, भभुआ




UMS मुशिया ,नुआंव



UHS महुवारी, भभुआ




UMS खझरा, मोहनिया



प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर ,मोहनियां

# ToB बालमन

सितंबर 2023




# रोचक गणित

1. Eratosthenes ने आज से 2200 साल पहले मिस्त्र से बाहर जाए बिना ही धरती की परिधि की गणना गणित की सहायता से कर दी थी।

2. पुरातन बेबीलोन के लोग गणित को 10 के बजाय 60 के आधार पर करते थे. इसी वजह से Circle में 360° और 1 मिनट में 60 सेकेंड होते हैं।

3. 555 को थाईलैंड में “हाहाहा” के तौर पर प्रयोग किया जाता है क्योंकि “फाइव” का उच्चारण वहां “हा” होता हैं।


4. एक फुटबॉल मानक (मौसम सॉकर बॉल के रूप में भी जाना जाता है) 32 पैनलों से बने होते हैं, जो आम तौर पर हेक्सागोन और पेंटागन पर होते हैं। विशेष रूप से, एक मानक फुटबॉल पर 12 पेंटागन और 20 हेक्सागोन होते हैं।

कुमार राकेश मणि
उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटा नुआंव कैमूर



# जयंती विशेष 11 सितंबर

राकेश कुमार




आचार्य विनोबा भावे ( जन्म- 11 सितम्बर 1895 मृत्यु- 15 नवम्बर 1982) भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा प्रसिद्ध गांधीवादी नेता थे। उनका मूल नाम विनायक नरहरि भावे था। उन्हे भारत का राष्ट्रीय अध्यापक और महात्मा गांधी का आध्यात्मिक उत्तराधिकारी समझा जाता है।






# दिवस विशेष

10 सितंबर

मधु प्रिया

## डी. एन. ए फिंगर प्रिंट की खोज 10 सितंबर





डीऑक्सिराबोन्यूक्लिक एसिड (डीएनए) आनुवांशिक लक्षण है, जो आमतौर पर मनुष्यों के सभी जीवित कोशिकाओं, जानवरों और पौधों में पाए जाते हैं। इसमें मूल रूप से माता-पिता से बच्चों तक पारित किए गए वंशानुगत डेटा शामिल है। जो प्रत्येक व्यक्ति के लिए अद्वितीय है (सामान जुड़वा बच्चों के मामलों को छोड़कर)। यह डीएनए प्रोफाइलिंग को एक विश्वसनीय और विशिष्ट व्यक्तिगत पहचान उपकरण बनाता है। डीएनए फिंगरप्रिंटिंग अथवा डीएनए परीक्षण या डीएनए टाइपिंग एक फोरेंसिक तकनीक है जो व्यक्तियों का पहचान करने के लिए उनके डीएनए की विशेषताओं का उपयोग करता है। इनका विकास और इस्तेमाल पहली बार 1985 में हुआ था। हालांकि मानव डीएनए अनुक्रम का 99.9% हर व्यक्ति में एक ही होता है। इसकी खोज सन 1953 में दो वैज्ञानिक को जेम्स वाटसन(James Watson) और फ्रांसिस क्रिक(Francis cricks)ने की थी। इस खोज के लिए उन्हें 1962 में नोबेल पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

# TEACHERS OF BIHAR

## बालमन कविता



अनपढ़ थे जब हम
हमें पढ़ना सिखलाते शिक्षक।
गिरते हैं जब हम
हमें उठना सिखलाते शिक्षक ।



अज्ञानता के अंधेरे में
ज्ञानदीप जलाते शिक्षक ।
कभी उदास होते हम
दोस्त बन हंसाते शिक्षक।
विचलित होते जब हम
जीवन संघर्ष सिखलाते शिक्षक।



सभ्यता का पाठ पढ़ाके
सभ्य समाज बनाते शिक्षक।



नहीं हो कहीं ईर्ष्या द्वेष
यही पैगाम फैलाते शिक्षक ।

बारी राजेन्द्र( कैमूर )

---

## ToB बालमन कविता

## हिंदी दिवस

हिंदुस्तान की शान है हिंदी,
हम भारतीयों की अभियान हिंदी।
हम सब का यह नारा है,
हिंदी भाषा सबसे प्यारा है ।
हिंदी जब भी बोले हम सब,
खुशियों से मन डोले हरदम।
हिंदी है सबसे आगे,
सबसे प्यारे सबसे न्यारे ।
भारतवासी जिसको दोहराए,
हिंदी भाषा वह कहलाए।
हम सबका यह नारा.....
मीठी बोली बोल हिंदी में,
जिसको बोलने पर होती खुशी।
हिंदी भाषा है बहुत मीठी ,
सभी भाषाओं से प्यारी भाषा है।
हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है
हम सब का यह नारा है ....
हिंदी बोलने पर ना शर्म करो
बोलने में जो शर्माए आगे जाकर वह पछताए।

अ आ...

## हिन्दी दिवस

अर्चना कुमारी
वर्ग 9
UHS रांटी, मधुबनी

# TEACHERS OF BIHAR

## बालमन

### शीर्षक : हिन्दी

तेरी हिन्दी, मेरी हिन्दी
हम सबकी है
प्यारी हिंदी
शिव के माथे
पर चंदा जैसी
हमें है न्यारी
मेरी हिन्दी
प्रेमचंद निराला
भारतेंदु और
महादेवी सी
पावन और
सुहानी हिन्दी
रामधारी  के तेवर
से मार्ग प्रशस्त
है करती हिंदी

बंगाली , मैथिली
आसामी और
पंजाबी सी
मधुर मधुर
और न्यारी हिंदी

भारत के सब
भाषाओं के ऊपर
मां की बिंदी सी
लाडली हिन्दी



चंदना दत्त(शिक्षिका)
राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान प्राप्त
रांटी मधुबनी

# TEACHERS OF BIHAR

## बालमन कविता

### शीर्षक : कोशिश का हल निकलेगा




कोशिश कर हल निकलेगा।
आज नही तो कल निकलेगा।
अर्जुन सा लक्ष्य रख, और निशाना लगा।
मरुस्थल से भी फीर जल निकलेगा।।
मेहनत कर, पौधों को पानी दे। बंजर में भी,फल निकलेगा।
ताकत जुटा हिम्मत को आग दे।
फौलाद का भी,बल निकलेगा।।
सीने में उम्मीदों को , जिंदा रख।
समन्दर में भी गंगाजल निकलेगा।
कोशिश जारी रख कुछ कर गुजरने की।
जो थमा-थमा है,चल निकलेगा।।
कोशिश कर हल निकलेगा।
आज नही तो कल निकलेगा।।



कु.अन्नू सिह वर्ग 7
क.म.वि.चाँद , कैमूर




# TEACHERS OF BIHAR

## बालमन कैमूर

सितम्बर 2023

# Crossword Puzzle






धीरज कुमार
U.M.S. सिलौटा भभुआ कैमूर



# TEACHERS OF BIHAR

## बालमन

# शीर्षक :- चटर -पटर







मम्मी मम्मी भूख लगी है।
मुझको चाहिए चटर-पटर।।
क्या खाएगा अटर पटर।
ले ले बेटा चना मटर।।
मम्मी मम्मी प्यास लगी है।
मुझको चाहिए थम्सअप पेप्सी।
क्या पिएगा ठंडा पेप्सी।।
जा ले ले मीठी लस्सी।।
मम्मी मम्मी भूख लगी है।
मुझको चाहिए चटर-पटर।।
क्या खाएगा पिज्जा यम्मी।
फुल जाएगी तेरी टम्मी।।
नाम न लेना फूड फास्ट की।।
डांट पड़ रही है लास्ट की।।







संगीता कुमारी
मध्य विद्यालय रामपुर पचासी,
पुपरी
जिला : सीतामढ़ी



**अशोक कुमार**
*न्यू प्राथमिक विद्यालय*
*भटवलिया*
*नुआंव कैमूर*

## (घनाक्षरी)
## "पर्यावरण"

पृथ्वी वीरान पड़ी, विकट समस्या खड़ी।
स्वयं एक एक पेड़, आप भी लगाइए।।

पेड़ों की कटाई रोकें, वर्षा इसी से होखें।
फल फूल हमें देवें, इसे तो बचाइए।।

मिट्टी की कटाई रोकें, औषधि इसी से होखें।
हमें ऑक्सीजन देवें, सबको बताइए।।

पॉलिथीन के प्रयोग ने, मिट्टी की बर्बाद किया।
कभी नही सड़े गले, इसको हटाइए।।

कपड़े का थैला लाए, धरती को भी बचाएं।
इसमें सामग्री लाएं, सबको बताइए।।

जल संचय कराएं, इससे सिंचाई हो पाए।
पीने योग्य जल को भी, सिंचाई में ना लगाइए।।

वर्षा के जल को आप, व्यर्थ ना बहाइए।
इसे सिंचित करके, सिंचाई में लगाइए।।

TEACHERS OF BIHAR

# बालमन

## अपना विचार(गीत)

घर -घर अलख जगाना होगा।
शिक्षा का दीप जलाना होगा।
सुन्दर सपना सुन्दर अपना जीवन होगा,
घर-घर अलख जगाना होगा।
शिक्षा का दीप जलाना होगा।
गाँव की गली में एक छोटा -सा कदम बढ़ाएंगे,
गाँव की गली में हो...हो...हो
गाँव की गली में एक छोटा -सा कदम बढ़ाएंगे,
नहीं आने वालों को विद्यालय तक ले आएंगे,
बगीया को सुन्दर सजाना होगा।
शिक्षा का दीप ........
घर-घर अलख जगाना होगा ।
शिक्षा का दीप .......
शिक्षा के अधिकार को हम जन-जन तक पहुंचाएंगे,
शिक्षा के अधिकार को हो...हो...हो...
शिक्षा के अधिकार को हम जन -जन तक पहुंचाएंगे,
6से14 बच्चों को आगे बढ़ना सिखाएंगे,
भी तो सफल अपना जीवन होगा। शिक्षा का दीप जलाना होगा।
घर-घर अलख जगाना होगा।
शिक्षा का दीप .......
सुन्दर सपना सुन्दर अपना जीवन होगा,
घर-घर अलख जगाना होगा।
शिक्षा का दीप जलाना होगा।
शिक्षा का दीप जलाना होगा
शिक्षा का दीप .....

संगीता कुमारी (शिक्षिका)
UMS अर्रा, मोहनियां (कैमूर)

TEACHERS OF BIHAR

# गीत

बालमन

## शिक्षा का मशाल



शिक्षा का हम ले मशालें चल दिए -2
सोये जन-जन को जगाने चल दिए
शिक्षा का.........................

गाँव की गलियां अभी भी है तिमिर -2
रौशनी हर घर दिलाने चल दिए
शिक्षा का...........................


पुष्प की खुशबू बिना सुना चमन -2
दर्द दिल की हम बताने चल दिए
शिक्षा का ..........................



काँटे हो या फूल हो या हो विरान -2
फ़र्ज़ अपना हम निभाने चल दिए
शिक्षा का..........................

ममता की निर्मल बहाएंगे धारा-2
समता का हम दीप जलाने चल दिए
शिक्षा का........................

संगीता कुमारी(शिक्षिका)
UMS अर्रा, मोहनियां (कैमूर)




# गर्व करो हिंदी पर

आओ मिलकर नमन करें,
फैले हिंदी चारों ओर।
गर्व करो हिंदी पर,
नित नूतन हो इसका भोर।
लिपि है इसकी देवनागरी
मातृभाषा यह कहलाती,
अनेक बोलियों को समा आंचल में
प्रेरणादायिनी यह कहलाती,
खास स्थान है इसका अपना,
जैसे राष्ट्रीय पक्षी है मोर।
आओ मिलकर नमन करें,
फैले हिंदी चारों ओर।
गर्व करो हिंदी पर,
नित नूतन हो इसका भोर।
मुझे गर्व है हिंदी भाषा पर
उन्नति करे यह हमेशा,
भाषाओं में गर्वीली है।
यह रूप इसका माता जैसा,
जहां भी होती इसकी चर्चा
आओ मिलकर नमन करें,
फैले हिंदी चारों ओर।






पुनीता कुमारी
राजकीय मध्य विद्यालय नेउरी
बरौली (गोपालगंज)

ToB राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## खेल शब्दावली

### खेलों से संबंधित शब्दावली

1. गुगली , चाईना मैन , सैंडीज . . . . . . . . . . . . . . . क्रिकेट
2. डिबल , बुकिंग , थ्रो इन , फ्लैग . . . . . . . . . . . फुटबॉल
3. बुली , स्कूप , ड्रिबल , डी . . . . . . . . . . . . . . . . . . . हॉकी
4. स्मैश , डबल हिट , नेट फाल्ट . . . . . . . . . . बॉलीबॉल
5. चेंज , कॉसलेन , चेजर , एक्टिव . . . . . . . . . . . खो - खो
6. होम , डायमंड , पिचर , होम रन . . . . . . . . . . . बेसबॉल
7. ड्यूस , कोर्ट , डबल फॉल्ट , स्मैश . . . . . . लॉन टेनिस
8. गैम्बिट , चेकमेट , नाइट , फिडे . . . . . . . . . . . . . शतरंज
9. नॉक आउट / डाउन , पंच , बेल्ट , ब्लो . . . . . मुक्केबाजी
10. बटरफ्लाई , फ्रीस्टाइल , ब्रेस्ट स्ट्रोक . . . ... . . . . तैराकी
11. डबल डच , स्मैश , लव , नैट , ड्यूस . . . . बैडमिंटन
12. क्यू , डी , जिगर , सिंट्रग , पॉट . . . . . . . . . . बिलियर्ड्स
13. डबल नेल्सन , डॉग फाल , हीव . . . . . . . . . . . कुश्ती
14. टी , कैडी , आयरन , जिग्गर . . . . . . . . . . . . . . . . . गोल्फ
15. स्लैम , रिबॉक , डमी , ग्रैंड स्लैम . . . . . . . . . . . . . ब्रिज

## लॉन टेनिस

### सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम खिताब



नोवाक जोकोविच — 24



मार्गरेट कोर्ट — 24



सेरेना विलियम्स — 23



राफेल नडाल — 22



स्टेफी ग्राफ — 22



रोजर फेडरर — 20

# ToB बालमन कहानी

एक सहाबू नाम की महिला बस चलाती थी वह सब लोगों के जैसा बनना चाहती थी। उसने अपने मन में सोचा कि मैं भी बहुत अच्छा ड्राइविंग कर सकती हूं। उसने सोचा कि मैं भी अब बस चलाना शुरु करूंगा वह बहुत प्रयास करती कि वह कैसे भी सफल हो जाए। लेकिन उसके बस पर जो भी बैठने आता है वह टिकट कटाता लेकिन उस महिला को देखकर निकल जाता। वह महिला मन ही मन बहुत उदास होती थी क्योंकि उस बस पर सिर्फ एक या दो लोग यात्रा करते थे। वह रोज हर घर जाकर रोती थी उसके पति ने उससे कहा कि तुम एक न एक दिन जरूर सफल होगी और एक दिन ऐसा आया कि उसके बस पर बहुत सारे लोग यात्रा करते। वह बहुत अच्छा ड्राइविंग करने लगी थी।

शिक्षा- इस कहानी से हमें शिक्षा मिलती है की कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

कुछ.अन्नु सिंह वर्ग 7
कं.म.वि. चांद कैमूर

बालमन चांद से




# राखी निर्माण प्रतियोगिता






























ToB बालमन टैलेंट सर्च प्रतियोगिता
माह : अगस्त
थीम :राखी निर्माण
तीन वर्गों में विजेता की सूची निम्नवत है - 👇👇👇👇

# Student of the month

वर्ग 1 से 5 तक में विजेता का नाम :
प्रथम
शिवानी कुमारी
वर्ग 4
UMS अर्रा,मोहनिया
द्वितीय
नुजहत जहां
वर्ग 5
उर्दू प्राथमिक विद्यालय अखलासपुर ,भभुआ
और
निधि कुमारी
वर्ग 5
UMS दुघरा, भभुआ
तृतीय
अतीश कुमार
वर्ग 5
NPS भेरी, चांद
और
आदित्री कुमारी
वर्ग 5
UMS खझरा, मोहनिया

वर्ग 6 से 8 तक में विजेता
प्रथम

अंशिका कुमारी
वर्ग 6
मध्य विद्यालय पाढ़ी ,चांद
द्वितीय
अनीशा कुमारी
वर्ग 8
उत्क्रमित मध्य विद्यालय अर्रा , मोहनियां
तृतीय
अमन कुमार
वर्ग 7
UHS सलथुआ,कुदरा
और
शिव प्रकाश
वर्ग 8
UMS धोबहा, चांद

वर्ग 9 से 12 में विजेता का नाम:
प्रथम
रविना खातून
वर्ग10
UHS कोटा, नुआंव
द्वितीय
लोकेश कुमार
वर्ग 9
UHS हरदासपुर, कुदरा
तृतीय
करिश्मा कुमारी
वर्ग 10
UHS छांव,दुर्गावती










UPS kohari, BHABUA

# चहक




NPS krishnapura, bhagwanpur






UPS AKHLASPUR,BHABHUA



PS khanethi, Ramgarh

# ऊतक (TISSUE)

**TOB SCIENCETLM** Biology | **CLASS 9**

समान उत्पत्ति तथा समान कार्यों को संपादित करनेवाली कोशिकाओं के समूह को ऊतक कहते हैं।

**कोशिकाओं के विभाजन क्षमता के आधार पर**

पादप ऊतक दो प्रकार के होते हैं।

1. विभाज्योतकी ऊतक
2. स्थायी ऊतक

विभाज्योतकी ऊतक वह ऊतक है जिसमें कोशिका विभाजन की क्षमता होती है।



स्थायी ऊतक वह उत्तक है जिसमें कोशिका विभाजन की क्षमता नही होती है।

राजेश कुमार सिंह



# विज्ञान कॉर्नर

Chemistry

## धातु एवं अधातु कक्षा 10

## धातुओं का निष्कर्षण

पृथ्वी की भूपर्पटी धातुओं का मुख्य स्रोत है। समुद्री जल में भी सोडियम क्लोराइड, मैग्नेशियम क्लोराइ आदि जैसे कुछ घुलनशील लवण उपस्थित रहते हैं।

पृथ्वी की भूपर्पटी में प्राकृतिक रूप में पाए जाने वाले तत्व या योगिकों को खनिज कहते हैं।

पृथ्वी की भूपर्पटी ऐलुमिनियम का प्रमुख स्रोत है।

वैसे खनिज जिससे धातुओं का निष्कर्षण करना लाभकारी हो उसे अयस्क कहा जाता है।

**सभी अयस्क खनिज होते हैं परंतु सभी खनिज अयस्क नही होते हैं।**



राजेश कुमार सिंह

# गणित कॉर्नर

## द्वि-आयामी (2D) आकृति

ज्यामिति में, द्वि-आयामी आकृति एक समतल आकृति होती है जिसमें लंबाई और चौड़ाई के दो आयाम होते हैं जैसे- वर्ग,आयत,त्रिभुज, वृत्त, पंचभुज इत्यादि।

### द्वि-आयामी आकृतियाँ-




2D आकृति में मोटाई नहीं होती है।

www.teachersofbihar.org

Pratibha Pandey


# सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम



" घर से विद्यालय या विद्यालय से घर "



" समूह में सड़क पर नहीं चलें "



" हमेशा कतार में चलें आगे पीछे होकर चलें "

यातायात के नियम का पालन करें
जागरूक रहें सुरक्षित रहें

www.teachersofbihar.org

राजेश कुमार सिंह


HAPPY
TEACHERS
DAY
शिक्षक दिवस
TUESDAY




TEACHERS

# शिक्षक दिवस विशेष


समग्र शिक्षा अभियान
उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटा
MATH CLUB


Happy Teachers day


"शिशु को पढ़ाने से पहले उसे पढ़ना आवश्यक है।"
स्वामी विवेकानंद
05 . SEP . 2023







DAY


हिन्दी दिवस
अ आ
एकता कुमारी
दरभंगा


Tripti Jha
Araria

# ToB बालमन बिहार


सरौनी कला, मधेपुरा के बच्चो द्वारा


संतोष
कुमार

# फोटो ऑफ द मंथ भाग 1




UMS ARRA MOHANIYA




P S jagriya, chainpur




UMS khajhra , MOHANIYA

# फोटो ऑफ द मंथ भाग 2


UHS salthua kudra
Galaxy A23


PS mohhhamdpur,
MOHANIYA


NPS bahuwara, KUDRA


क.म.वि.चांद , कैमूर


UMS SILAUTA, BHABHUA




UMS ARRA MOHANIYA

# फोटो ऑफ द मंथ भाग 3



NPS sonaw,chainpur



PS mohhhamdpur, MOHANIYA



PS uchinar,+Ms ahiranv Rampur




Baalman sammaan


# पोषण से भरपूर कॉर्नर



प्राथमिक विद्यालय जगरिया, चैनपुर



NPS दढणिया, भभुआ



NPS कोहरी,भभुआ


UMS Khaira, BHABHUA




UHS NARHAN RAMGARH



# रंगोली विशेष



उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंदीपुर रामगढ़







राजकीय बुनियादी विद्यालय अईलाय ,चांद







UHS नरहन रामगढ़



# शिक्षक सम्मान





राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त करते श्री अनिल कुमार सिंह सर


राजकीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त करते श्री राजीव कुमार


जिला स्तर पर जिला पदाधिकारी कैमूर,जिला शिक्षा पदाधिकारी और डीपीओ सर द्वारा सम्मानित शिक्षक

# शिक्षक दिवस राज्यस्तरीय सम्मान(T O B) + SCERT पटना












# शिक्षा शब्दकोश

[redacted]

## समीक्षा

समीक्षा का शाब्दिक अर्थ है : सम्यक् परीक्षा, सम्मति, अन्वेषण आदि । पुस्तक समीक्षा में किसी पुस्तक की सम्यक् परीक्षा और विश्लेषण किया जाता है। इस परीक्षा और विश्लेषण से पाठक को पुस्तक विशेष के विभिन्न पहलुओं की जानकारी मिलती है । पुस्तक समीक्षा में एक पुस्तक की पूरी छानबीन की जाती है।

# चर्चा में....

सोनभद्र एक्सप्रेस 12
पटना, शनिवार 26 अगस्त 2023

[illegible]

शेफाली कुमारी
वर्ग - सप्तम (७)










## बाल मंच सामान्य ज्ञान

प्रश्न - जल में तैरना न्यूटन की गति के किस नियम के कारण संभव है?
उत्तर - तृतीय नियम

प्रश्न - कोई पिण्ड तब तक विरामावस्था में ही बना रहेगा, जब तक उस पर कोई बाह्य बल कार्य नहीं करता है। यह कथन किसका है?
उत्तर - न्यूटन

प्रश्न - न्यूक्लिऑन शब्द सामान्यतः किसके लिये है?
उत्तर - प्रोटॉन और न्यूट्रॉन

प्रश्न - एग्रोफोरेस्ट्री क्या है?
उत्तर - कृषि के साथ-साथ उसी भूमि पर काष्ठ वाले वृक्ष लगाना

प्रश्न - एक्सो-बायोलॉजी (Exo-biology) में निम्नलिखित में से किसका अध्ययन किया जाता है?
उत्तर - बाह्य ग्रहों तथा अंतरिक्ष में जीवन का

प्रश्न - बैसाखी किसका अवयव है?
उत्तर - बेलिस

प्रश्न - साइकिल चालक को प्रारम्भ में अधिक बल क्यों लगाना पड़ता है?
उत्तर - चालक जड़त्व पर विजय पाने के लिए अधिक बल लगाता है।

प्रश्न - जीव विज्ञान (Biology) शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया था?
उत्तर - लैमार्क एवं ट्रेविरेनस ने

प्रश्न - वनस्पति विज्ञान के जनक कौन हैं?
उत्तर - थियोफ्रेस्टस

प्रश्न - चिकित्सा शास्त्र का जनक किसे कहा जाता है?
उत्तर - हिप्पोक्रेट्स

प्रश्न - पुष्पों के अध्ययन को क्या कहा जाता है?
उत्तर - एन्थोलॉजी

प्रश्न - वन अनुसंधान संस्थान कहाँ स्थित है?
उत्तर - देहरादून

प्रश्न - भारतीय वानस्पतिक सर्वेक्षण का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
उत्तर - कोलकाता

प्रश्न - किस में से किसे वर्गिकी का पितामह कहा जाता है?
उत्तर - कार्ल वॉन लीनियस

प्रश्न - आनुवंशिकता की आधारीय इकाई क्या है?
उत्तर - जीन

प्रश्न - जीवाणु की खोज सर्वप्रथम किसने की थी?
उत्तर - ल्यूवेन हॉक

प्रश्न - वास्तविक केन्द्रक किसमें अनुपस्थित होता है?
उत्तर - जीवाणुओं में

प्रश्न - भोजन की विषाक्तता उत्पन्न होती है?
उत्तर - क्लोस्ट्रीडियम बोटुलीनम द्वारा

प्रश्न - नाइट्रोजन के स्थिरीकरण में निम्न में से कौन-सी फसल सहायक है?
उत्तर - फली (बीन्स)

प्रश्न - निम्नलिखित में से कौन-सी बीमारी जीवाणुओं के द्वारा होती है?
उत्तर - कुष्ठ

प्रश्न - सूक्ष्म जीवाणुओं द्वारा पदार्थ का संक्रिकरण एक प्रक्रिया है, जिसका कार्य है
उत्तर - जीवाणुओं को विघटन करना

प्रश्न - दूध के दही के रूप में जमने का कारण है।
उत्तर - लैक्टोबैसिलस

प्रश्न - कुओं की दीवारों पर उगने वाले कवकों को क्या कहते हैं?
उत्तर - कार्डीकोल्स

प्रश्न - निम्नलिखित में से कौन खुजली के रोग स्कैबीज का कारण है?
उत्तर - कवक

प्रश्न - लाइकेन किन दो वर्ग के पौधों से मिलकर बने होते हैं?
















## एजुकेशनल न्यूज बालमंच

शिक्षा ही सर्वोपरि
पटना, रविवार
10.09.2023
10




## एजुकेशनल न्यूज बालमंच

शिक्षा ही सर्वोपरि
पटना, रविवार
27.08.2023
09





# Thank You

अगर आपको पत्रिका अच्छी लगी हो तो कृपया इसे अधिक से अधिक शेयर करे।

यदि आपके कोई सुझाव हो तो 9431680675 पर संपर्क कर सकते है।

www.teachersofbihar.org